आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 गुरूवार                                                                 दिनांक 04.06.2026

मुख्य समाचारः—

1— नगरीय निकाय चुनाव के तहत मतगणना के बाद आज परिणाम घोषित किए गए—अध्यक्ष के पांच में से तीन पदों पर भाजपा और दो पदों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की।

2— जशपुर जिले की सरदिह ग्राम पंचायत सहित बयालीस पंचायतों को आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किया गया।

3— विश्व पर्यावरण दिवस पर कल प्रदेश में होंगे अनेक कार्यक्रम—मुख्यमंत्री कल रायपुर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का शुभारंभ करेंगे।

4— दक्षिण—पश्चिम मानसून आज केरलम पहुंच गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव—नतीजे

नगरीय निकायों के आम और उपचुनाव के लिए आज मतगणना हुई। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष के पांच पदों में से तीन पर भाजपा और दो पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हुए हैं। वहीं, पार्षद के इकहत्तर पदों में से उनतालीस पर भाजपा और तीस पर कांग्रेस के प्रत्याशी जीते हैं। दो पदों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है।

वहीं, त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतगणना, मतदान के दिन ही हो गई थी। आज सारिणीकरण किया गया और विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों के आम तथा उपचुनावों के लिए एक जून को मतदान हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज नई दिल्ली में देशभर की बयालीस उत्कृष्ट पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की सरदिह ग्राम पंचायत को स्वच्छ और हरित पंचायत का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने पुरस्कार विजेता पंचायतों से कहा कि वे सर्वोत्तम तौर—तरीकों को साझा करके, नवाचार को बढ़ावा देकर, महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करके और अंतिम सिरे तक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करके आदर्श मॉडल के रूप में कार्य करें।

एनडीए सरकार—बारह वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से श्री मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इन बारह वर्षों में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और विकास, सुशासन तथा जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।

तहसीलदार–हड़ताल स्थगित

तहसीलदारों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। शासन स्तर पर हुई सकारात्मक चर्चा, आरोपियों के खिलाफ एफ.आई.आर. और वैधानिक कार्रवाई शुरू होने के बाद छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने सामूहिक अवकाश स्थगित करने का फैसला लिया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि प्रदेशभर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आज से नियमित कार्य पर लौट गए हैं।

संघ के प्रांत अध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि दो नामजद आरोपियों के थाने में समर्पण के बाद हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि सरगुजा के राजापुर में नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में प्रदेशभर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रशासनिक विरोध जताते हुए एक जून से सामूहिक अवकाश पर थे।

सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के भीखमपुरा गांव पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। श्री साय भीखमपुरा गांव के पास स्थित सपेरा बस्ती भी पहुंचे, जहां उन्होंने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री–निर्माण श्रमिक सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में मुख्यमंत्री नोनी–बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस की कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप–टेन में स्थान बनाने वाले पंजीकृत श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों को सम्मानित करेंगे। योजना के तहत प्रत्येक मेधावी छात्र को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही दोपहिया वाहन खरीदने के लिए एक लाख रुपये का विशेष अनुदान देने का भी प्रावधान है।

मेडिकल कॉलेज–संविदा भर्ती

छत्तीसगढ़ के पांच नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों में एक सौ उनचास पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कुनकुरी, जांजगीर–चांपा और कबीरधाम मेडिकल कॉलेजों के लिए प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और सीनियर रेजीडेंट के पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि पंद्रह जून निर्धारित की गई है।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल पांच जून को वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर के राजीव स्मृति वन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। "प्रकृति से प्रेरित – जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। वहीं, वन मंत्री केदार कश्यप विशिष्ट अतिथि होंगे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख अरुण कुमार पांडे ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री और वन मंत्री "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का शुभारंभ करेंगे। श्री पांडे ने प्रदेशवासियों से पौधरोपण करने की अपील की।

वहीं, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कल रायपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ पोस्टर प्रतियोगिता और इको क्लब के शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र से होगा। वहीं, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विषय पर संगोष्ठी तथा पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर कल गौरेला–पेंड्रा–मरवाही और जांजगीर–चांपा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

<u>राज्यपाल–अपील</u>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण और जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और भविष्य में संभावित जल संकट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राज्यपाल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल कल लोकभवन और नया रायपुर स्थित निर्माणाधीन लोकभवन परिसर में वृक्षारोपण करेंगे।

<u>इबोला वायरस</u>

दुर्ग जिले में इबोला वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सतर्क हो गया है। कांगो, इथियोपिया और युगांडा से लौटे तीन लोगों को इबोला वायरस का संदिग्ध मानकर उनकी निगरानी की जा रही है। तीनों यात्रियों को होम आइसोलेशन में इक्कीस दिनों के लिए रखा गया है। वर्तमान में तीनों यात्री पूर्णतः स्वस्थ हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने इथियोपिया और युगांडा से आए दो व्यक्तियों के अलग–अलग एयरपोर्ट के जरिए सीधे दुर्ग पहुंचने की जानकारी दी थी। जबकि, कांगो से लौटा एक व्यक्ति पहले मुंबई में रुका और इसके बाद दुर्ग पहुंचा। प्रदेश में इबोला वायरस से जुड़े संदिग्धों का यह पहला मामला सामने आने के कारण स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है।

<u>गांजा–बरामद</u>

सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के सिलफिली के पास एक यात्री बस से बीस क्विंटल गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपए आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर की ओर से आ रही एक यात्री बस में गांजा ले जाए जाने की सूचना ग्रामीणों को मिली थी, जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बस की जांच की। इस दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया।

<u>मानसून–दस्तक</u>

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज केरलम पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मानसून तीन दिन देर से केरलम पहुंचा है।

मानसून के एक जून को केरलम पहुंचने की संभावना थी।

केरलम पहुंचने के बाद मानसून को छत्तीसगढ़ तक पहुंचने में पंद्रह से बीस दिनों का समय लगता है।

संक्षिप्त समाचार

– ‘युवा संगम फेज–सिक्स के अंतर्गत दिल्ली से आए साठ सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण किया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों को औद्योगिक सुरक्षा, कार्यस्थल सावधानियों और संयंत्र भ्रमण के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई।

– स्कूल शिक्षा विभाग ने शाला गणवेश वितरण व्यवस्था में बदलाव किया है।
सरकार ने सोलह जून से शुरू होने वाले नए शिक्षा सत्र से पहले ही यूनिफॉर्म वितरण की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य तय किया है।

– राजधानी रायपुर के सड्ढू और माना सहित राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आईटीआई में रिक्त सीटों के लिए उनतीस मई से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह जून तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

– जांजगीर–चांपा जिले की अमिता श्रीवास ने हाल ही में माउंट एवरेस्ट फतह किया है। चांपा पहुंचने पर परिजन और नागरिकों ने उनका स्वागत किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>